# 2025

# ELECTIVE HINDI

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र के छः खण्ड है : क, ख, ग, घ, ङ, च।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।*

*(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए है।*

*(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।*

## खण्ड – 'क'

**(वाचन – 10 अंक)**

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 1, 2 और 3 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 4, 5 और 6 के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में तथा प्रश्न-संख्या 7 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

**नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

संसार के समस्त जीवों में मनुष्य को श्रेष्ठ माना गया है, क्योंकि मनुष्य अन्य जीवों की अपेक्षा अधिक बुद्धिमान तथा विवेकशील है। मनुष्य में उचित और अनुचित का ज्ञान कराने वाली बुद्धि होती है। यह बुद्धि दो प्रकार की होती है— एक, सदबुद्धि और दूसरी दुर्बुद्धि। जब तक मनुष्य में सुबुद्धि रहती है तब तक वह अच्छे कार्यों में लगा रहता है और उसमें अच्छे-बुरे का विवेक भी होता है। जब वह सद्बुद्धि से हटकर दुर्बुद्धि में आ जाता है तब वह बुरे तथा अनुचित कार्य करने लगता है। वही मनुष्य जीवन में सफल होता है जो अपनी बुद्धि पर विश्वास रखता है तथा परिश्रम, ईमानदारी और विवेक से अच्छे कार्य करता है।

1. समस्त जीवें में मनुष्य को श्रेष्ठ क्यों माना गया है? 2

2. कब मनुष्य बुरे तथा अनुचित कार्य करने लगता है? 2

3. जीवन में कौन-सा मनुष्य सफल होता है? 2

4. मनुष्य की बुद्धि कितने प्रकार की होती है? 1

5. कौन-से मनुष्य में अच्छे-बुरे का विवेक होता है? 1

6. 'कार्य' शब्द का समानार्थक शब्द लिखिए। 1

7. 'परिश्रम' शब्द का अर्थ निम्नलिखित में से कौन-सा है? 1

   (क) विश्राम  (ख) आश्रम

   (ग) मेहनत  (घ) दौलत

**खण्ड - 'ख'**

**(लेखन - 15 अंक)**

8. नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और इसका सार एक-तिहाई शब्दों में लिखिए तथा इसका उचित शीर्षक दीजिए : 5+2 = 7

दूसरों को कष्ट देना या पीड़ा पहुँचाना हिंसा है। इसके विपरीत मन से, कर्म से और वचनों से किसी भी प्रकार से किसी को कष्ट न देना या पीड़ा न पहुँचाना अहिंसा है। भारतवर्ष में अनेक धर्म है। उन सब धर्मों में अहिंसा का महत्वपूर्ण स्थान है। अहिंसा ही सभी धर्मों एवं संस्कृति का मूलाधार है। महात्मा गौतम बुद्ध, सम्राट अशोक, महात्मा गांधी जैसे महान पुरुषों ने अहिंसा के मार्ग पर चलकर संसार को अहिंसा का अमूल्य मन्त्र दिया। अत: हमें सदैव अहिंसा का पालन करना चाहिए।

9. (क) पिछले साल मणिपुर में आई बाढ़ की विभीषिका का आँखों देखा वर्णन लगभग 160 शब्दों में लिखिए।

अथवा

(ख) मदर टेरेसा की जीवनी लगभग 160 शब्दों में लिखिए। 8

**खण्ड - 'ग'**

**(व्याकरण - 15 अंक)**

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 10 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 11 और 12 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 13, 14 और 15 के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह**

में तथा प्रश्न-संख्या 16 से 20 तक के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

10. करण कारक और अपादान कारक का अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 3

11. संज्ञाओं के रूपान्तर से क्या तात्पर्य है? संज्ञा-रूपान्तर के कारणों को स्पष्ट कीजिए। 2

12. अन्विति किसे कहते है और कितने प्रकार की होती है? 2

13. 'अवलम्ब' और 'अविलम्ब'— इन दो समान उच्चारण वाले शब्दों के अर्थ लिखिए। 1

14. 'उपयुक्त' और 'उपर्युक्त'— इन दो समान उच्चारण वाले शब्दों के अर्थ लिखिए। 1

15. सम्बन्ध कारक एकवचन में अन्यपुरुषवाचक सर्वनाम शब्द 'वह' के रूपान्तरों को लिखिए। 1

16. 'अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारना' मुहावरे का अर्थ निम्नलिखित में से कौन-सा है? 1

(क) लज्जित होकर चुप हो जाना (ख) इज्जत से गिर जाना

(ग) निश्चिन्त होकर सो जाना (घ) अपने हाथ से अपनी हानि करना

17. 'हाथ तंग होना' मुहावरे का अर्थ निम्नलिखित में से कौन-सा है? 1

(क) पैसे की कमी होना (ख) बहुत परिश्रम करना

(ग) सोच-समझकर काम करना (घ) बुरी तरह हरा देना

18. 'जानते-बूझते अपने को मुसीबत में डालना' अर्थ के लिए सही महावर निम्नलिखित में से कौन-सा है? 1

(क) उल्टी गंगा बहाना (ख) ओखली में सिर देना

(ग) अपना उल्लू सीधा करना (घ) ईंट से ईंट बजाना

19. 'कान पर जूं नहीं रेंगती' लोकोक्ति का अर्थ निम्नलिखित में से कौन-सा है? 1

(क) दुहरा लाभ होना।

(ख) घर की चीज की कदर नहीं होती।

(ग) कहने पर जरा भी ध्यान न देना।

(घ) मूर्ख गुणों की कदर नहीं करता।

20. 'दुष्ट समझाने से दुष्टता नहीं छोड़ते, पिट जाने पर सीधे हो जाते हैं' अर्थ के लिए सही लोकोक्ति निम्नलिखित में से कौन-सी है? 1

(क) एक हाथ से ताली नहीं बजती।
(ख) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता।
(ग) गुदड़ी में लाल नहीं छिपते।
(घ) लातों के देव बातों से नहीं मानते।

## खण्ड - 'घ'
### (पद्य - 8+12 = 20 अंक)

21. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) काली तू, रजनी भी काली,
शासन, की करनी भी काली,
काली लहर कल्पना काली,
मेरी काल कोठरी काली।

अथवा

(ख) अकथनीय व्यथा
चिन्ता का गुरु भार
नीरव सिसकी
धकेल रहा है पाँव
मुझे पीछे-पीछे।

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 22 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 23 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 24 और 25 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 26 का उत्तर एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 27 और 28 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

22. माया दीपक नर पतँग, भ्रमि भ्रमि इवैं पड़ंत।
कहै कबीर गुर ग्यान थैं एक आध उबरंत।।
— कबीरदास की उपर्युक्त साखी में निहित भाव स्पष्ट कीजिए। 4

23. 'मै नीर भरी दुख की बदली' शीर्षक कविता में कवयित्री ने अपने आपको 'दुख की बदली' क्यों कहा? 3

24. 'जागरण-गीत' शीर्षक कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए। 2

25. गोपियाँ उद्धव से क्या-क्या प्रश्न पूछती हैं? 2

26. अज्ञानी गुरु की संगति से शिष्य क्या फल पाता है? 1

27. हिन्दी साहित्य के भक्तिकाल में सूरदास को कौन-सी शाखा का प्रधान कवि माना जाता है? 1

(क) कृष्णभक्ति शाखा का (ख) रामभक्ति शाखा का

(ग) प्रेममार्गी शाखा का (घ) ज्ञानमार्गी शाखा का

28. 'ले चल वहाँ' शीर्षक कविता का रचयिता कौन है? 1

(क) माखनलाल चतुर्वेदी (ख) जयशंकर प्रसाद

(ग) तंबि श्रीनिवासन (घ) अशाङ्बम मीनकेतन सिंह

**खण्ड - 'ङ'**

**(गद्य - 25 अंक)**

29. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) बीमार, कमजोर और बूढ़ों के लिए गादी का इन्तजाम किया जाए, तो बात और है। लेकिन जो शिष्ट समझे जाते हैं उनमें और दूसरों में फर्क करके उनके लिए भेद-दर्शक तकिए का आसन लगाना बिल्कुल दूसरी ही चीज है।

अथवा

(ख) जिसने समय-समय धन दे, मित्रों को अपने काबू में कर लिया, जिसने शत्रुओं को संग्राम में भेजा, भाँति-भाँति के गहने और कपड़ों से जिसने अपनी स्त्री का सन्तोष किया, उसीका जीवन सफल है। बस, यही सफल जीवन की इयत्ता या ओर-छोर है।

30. (क) 'मलबे का मालिक' शीर्षक कहानी अथवा (ख) 'मनुष्य के जीवन की सार्थकता' शीर्षक निबंध का सारांश लगभग 160 शब्दों में लिखिए : 7

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 31 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 32 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 33 का उत्तर लगभग 25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 34 का उत्तर एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 35 और 36 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

31. गनी से मिलने के पश्चात् रक्खे का जो हाल था, उसका वर्णन कीजिए। 4

32. वल्लभभाई पटेल की चारित्रिक विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए। 3

33. अमृतलाल नागर लेखक से क्या कहा करते थे? 2

34. लेखक विनोबा भावे के अनुसार 'विषम व्यवहार' क्या है। 1

35. चिरागदीन के परिवार के कितने सदस्य थे? 1

(क) तीन (ख) चार

(ग) पाँच (घ) छः

36. लेखक रामविलास शर्मा के सब से प्रिय अध्यापक कौन थे? 1

(क) ब्रजभूषणलाल त्रिपाठी (ख) बाबू गुलाबराय

(ग) मास्तर रुद्रनारायण (घ) अमृतलाल नागर

**खण्ड - 'च'**

**(पूरक पाठ्य पुस्तक - 15 अंक)**

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 37 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 38 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 39 और 40 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 41 और 42 के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 43 और 44 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

37. मणिपुर में रथयात्रा का त्योहार कैसे सम्पन्न किया जाता है? 4

38. केम्ब्रिज में मनाए गए भारत के स्वतंत्रता-दिवस का चित्रण कीजिए। 3

39. पिताजी ने रवीन्द्रनाथ को जमींदारी का काम क्यों सौंप दिया? 2

40. खाना खाने के बाद लेखक ने कहाँ रहने का निश्चय किया और क्यों? 2

41. 'रीयान' मणिपुर की कौन-सी जनजाति का त्योहार है? 1

42. बंगाल में ठाकुर परिवार किसके लिए प्रख्यात है? 1

43. रवीन्द्रनाथ का जन्म कब हुआ? 1

(क) मार्च, 1859 को (ख) मई, 1861 को

(ग) जुलाई, 1862 को (घ) नवम्बर, 1863 को

44. मणिपुर का 'मेरा हौचोङ्बा' त्योहार कब मनाया जाता है? 1

(क) आश्विन पूर्णिमा को (ख) फाल्गुन पूर्णिमा को

(ग) कार्तिक पूर्णिमा को (घ) आषाढ़ पूर्णिमा को